Chapter-10
Trigonometry

प्रस्तावना (Introduction)

त्रिभुज और इसके कोणों का मापन त्रिकोणमिति कहलाता है अर्थात् त्रिकोणमिति में हम त्रिभुज के गुणधर्मों का अध्ययन करते हैं, जिसमें भुजाओं की लम्बाईयाँ तथा कोण इत्यादि सम्मिलित हैं।



किसी तल में घूर्णित रेखा की प्रारंभिक स्थिति (प्रांरभिक भुजा) से अन्तिम स्थिति (अन्तिम भुजा) तक की गति को कोण कहते हैं। अन्तिम बिन्दु O जिसके परितः रेखा घूर्णन करती है, कोण का शीर्ष कहलाता है।

कोण मापन की पद्धतियाँ (System of measurement of angles)

कोण मापन की मुख्यतः तीन पद्धतियाँ हैं :

(1) **षष्टिक या ब्रिटिश पद्धति** (Sexagesimal or English system) :

1 समकोण = 90 अंश $(= 90^o)$

$1^o = 60$ मिनट $(= 60')$

$1' = 60$ सैकण्ड $(= 60'')$

(2) **शतिक पद्धति या फ्रान्सीसी पद्धति** (Centesimal or French system)

1 समकोण = 100 ग्रेड $(= 100^g)$

1 ग्रेड = 100 मिनट $(= 100')$

1 मिनट = 100 सैकेण्ड $(= 100'')$

(3) **वृत्तीय पद्धति** (Circular system) : इस पद्धति में कोण मापन की इकाई रेडियन है। एक रेडियन (अर्थात् 1^c) कोण की वह माप होता है, जो कि वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई के चाप द्वारा वृत्त के केन्द्र पर अन्तरित होता है।



माना r त्रिज्या का वृत्त जिसका केन्द्र O है, पर कोई बिन्दु A है। अब वृत्त की त्रिज्या के बराबर लम्बाई का एक चाप AP काटा, तब परिभाषा से, $\angle AOP = 1^c$

कोण मापन की तीनों पद्धतियों के मध्य सम्बन्ध
(Relation between three systems of measurement of an angle)

माना किसी कोण θ में अंशों की संख्या D, रेडियनों की संख्या R तथा ग्रेडों की संख्या G है, तब $\frac{D}{90} = \frac{G}{100} = \frac{2R}{\pi}$

जो कि तीनों पद्धतियों के मध्य अभीष्ट सम्बन्ध है।

एक रेडियन $= \frac{180^o}{\pi} \Rightarrow \pi$ रेडियन $= 180^o \Rightarrow 1$ रेडियन $= 57^o 17'44.8'' \approx 57^o 17'45''$.

(Relation between an arc and an angle)

यदि किसी r त्रिज्या के वृत्त की s लम्बाई के चाप द्वारा केन्द्र पर अन्तरित कोण θ है, तब चाप की लम्बाई $s = r\theta$ अर्थात्, चाप = त्रिज्या × कोण (रेडियन में)



वृत्त खण्ड का क्षेत्रफल : माना OAB एक खण्ड है, जिसका केन्द्रीय कोण θ^C है तथा त्रिज्या r है, तब वृत्त खण्ड OAB का क्षेत्रफल $\frac{1}{2}r^2\theta$

त्रिकोणमितीय फलनों के प्रान्त एवं परिसर
(Domain and range of a trigonometrical function)

यदि $f : X \to Y$ एक फलन है, जो समुच्चय X पर परिभाषित है, तब फलन f का प्रान्त (Domain), समस्त स्वतंत्र चरों x का समुच्चय होता है, इसके लिए प्रतिबिम्ब $f(x)$, Y का सुपरिभाषित अवयव है, तो यह f का सह प्रान्त (Co-domain) कहलाता है।

$f : X \to Y$ का परिसर (Range) सभी प्रतिबिम्बों $f(x)$ का समुच्चय होता है, जोकि Y से सम्बन्धित है अर्थात् परिसर $f = \{f(x) \in Y : x \in X\} \subseteq Y$

त्रिकोणमितीय फलनों के प्रान्त (Domain) तथा परिसर (Range) निम्नलिखित हैं :

सारणी : 10.1

त्रिकोणमितीय फलन	प्रान्त (Domain)	परिसर (Range)
$\sin x$	R	$-1 \le \sin x \le 1$
$\cos x$	R	$-1 \le \cos x \le 1$
$\tan x$	$R - \left\{(2n+1)\frac{\pi}{2}, n \in I\right\}$	R
$\text{cosec } x$	$R - \{n\pi, n \in I\}$	$R - \{x : -1 < x < 1\}$
$\sec x$	$R - \left\{(2n+1)\frac{\pi}{2}, n \in I\right\}$	$R - \{x : -1 < x < 1\}$
$\cot x$	$R - \{n\pi, n \in I\}$	R

त्रिकोणमितीय अनुपात या फलन
(Trigonometrical ratios or functions)

समकोण त्रिभुज OMP में, आधार = $OM = x$, लम्ब = $PM = y$ तथा कर्ण = $OP = r$.

$$\sin\theta = \frac{\text{लम्ब}}{\text{कर्ण}} = \frac{y}{r},$$

$$\cos\theta = \frac{\text{आधार}}{\text{कर्ण}} = \frac{x}{r};$$

$$\tan\theta = \frac{\text{लम्ब}}{\text{आधार}} = \frac{y}{x},$$

$$\cot\theta = \frac{\text{आधार}}{\text{लम्ब}} = \frac{x}{y}$$

$$\sec\theta = \frac{\text{कर्ण}}{\text{आधार}} = \frac{r}{x},$$

$$\text{cosec}\,\theta = \frac{\text{कर्ण}}{\text{लम्ब}} = \frac{r}{y}$$



(1) त्रिकोणमितीय अनुपातों (फलन) के मध्य सम्बन्ध

(i) $\sin\theta.\text{cosec}\,\theta = 1$ (ii) $\tan\theta.\cot\theta = 1$

(iii) $\cos\theta.\sec\theta = 1$ (iv) $\tan\theta = \frac{\sin\theta}{\cos\theta}$

(v) $\cot\theta = \frac{\cos\theta}{\sin\theta}$

(2) आधारभूत त्रिकोणमितीय सर्वसमिकायें

(i) $\sin^2\theta + \cos^2\theta = 1$ (ii) $1 + \tan^2\theta = \sec^2\theta$

(iii) $1 + \cot^2\theta = \text{cosec}^2\theta$

(3) त्रिकोणमितीय अनुपातों (फलनों) के चिन्ह : इनके चिन्ह इस पर निर्भर करते हैं कि वह अनुपात किस चतुर्थांश में स्थित हैं।

संक्षिप्त में : विभिन्न चतुर्थांशों में त्रिकोणमितीय अनुपातों के चिन्ह के लिए स्मरणीय तथ्य "**Add Sugar To Coffee**".



सर्वप्रथम त्रिकोणमितीय फलन का चिन्ह निर्धारित करते हैं।

यदि θ को $X'OX$ अक्ष, (अर्थात् $\pi \pm \theta, 2\pi - \theta$) से मापते हैं, तब त्रिकोणमितीय फलन परिवर्तित नहीं होता है।

यदि θ को $Y'OY$ अक्ष, $\left\{\text{अर्थात्, } \frac{\pi}{2} \pm \theta, \frac{3\pi}{2} \pm \theta\right\}$ से मापते हैं, तब sine; cosine में, cosine; sine में, tangent; cotangent में, cotangent; tangent में, sec; cosec में तथा cosec; sec में परिवर्तित हो जाता हैं।

(4) विभिन्न चतुर्थांशों में त्रिकोणमितीय फलनों के मानों में परिवर्तन : माना XOX' तथा YOY' निर्देशांक अक्ष है। मूल बिन्दु को केन्द्र मानते हुए इकाई त्रिज्या के वृत्त की रचना की।

माना कोई बिन्दु $M(x,y)$ वृत्त पर इस प्रकार है, कि $\angle AOM = \theta$; तब $x = \cos\theta$ तथा $y = \sin\theta$; तथा θ के सभी मानों के लिए $-1 \le \cos\theta \le 1$ तथा $-1 \le \sin\theta \le 1$.



सारणी : 10.2

II-चतुर्थांश (S)	I-चतुर्थांश (A)
$\sin\theta \to 1$ से 0 तक घटता है	$\sin\theta \to 0$ से 1 तक बढ़ता है
$\cos\theta \to 0$ से -1 तक घटता है	$\cos\theta \to 1$ से 0 तक घटता है
$\tan\theta \to -\infty$ से 0 तक बढ़ता है	$\tan\theta \to 0$ से ∞ तक बढ़ता है
$\cot\theta \to 0$ से $-\infty$ तक घटता है	$\cot\theta \to \infty$ से 0 तक घटता है
$\sec\theta \to -1$ से 0 तक बढ़ता है	$\sec\theta \to 1$ से ∞ तक बढ़ता है
$\text{cosec}\,\theta \to 1$ से ∞ तक बढ़ता है	$\text{cosec}\,\theta \to \infty$ से 1 तक घटता है
III-चतुर्थांश (T)	**IV-चतुर्थांश (C)**
$\sin\theta \to 0$ से -1 तक घटता है	$\sin\theta \to -1$ से 0 तक बढ़ता है
$\cos\theta \to -1$ से 0 तक बढ़ता है	$\cos\theta \to 0$ से 1 तक बढ़ता है
$\tan\theta \to 0$ से ∞ तक बढ़ता है	$\tan\theta \to -\infty$ से 0 तक बढ़ता है
$\cot\theta \to \infty$ से 0 तक घटता है	$\cot\theta \to 0$ से $-\infty$ तक घटता है
$\sec\theta \to -1$ से $-\infty$ तक घटता है	$\sec\theta \to \infty$ से 1 तक घटता है
$\text{cosec}\,\theta \to -\infty$ से -1 तक बढ़ता है	$\text{cosec}\,\theta \to -1$ से $-\infty$ तक घटता है

सम्बन्धित कोणों (Allied Angles) के त्रिकोणमितीय अनुपात

दो कोण सम्बन्धित (Allied) कहलाते हैं, जब उनका योग अथवा अन्तर या तो शून्य हो या 90^o का गुणज हो।

सारणी : 10.3

त्रिकोणमितीय अनुपात → / सम्बन्धित कोण ↓	$\sin\theta$	$\cos\theta$	$\tan\theta$
$(-\theta)$	$-\sin\theta$	$\cos\theta$	$-\tan\theta$
$(90 - \theta)$ या $\left(\frac{\pi}{2} - \theta\right)$	$\cos\theta$	$\sin\theta$	$\cot\theta$
$(90 + \theta)$ या $\left(\frac{\pi}{2} + \theta\right)$	$\cos\theta$	$-\sin\theta$	$-\cot\theta$
$(180 - \theta)$ या $(\pi - \theta)$	$\sin\theta$	$-\cos\theta$	$-\tan\theta$
$(180 + \theta)$ या $(\pi + \theta)$	$-\sin\theta$	$-\cos\theta$	$\tan\theta$
$(270 - \theta)$ या $\left(\frac{3\pi}{2} - \theta\right)$	$-\cos\theta$	$-\sin\theta$	$\cot\theta$
$(270 + \theta)$ या $\left(\frac{3\pi}{2} + \theta\right)$	$-\cos\theta$	$\sin\theta$	$-\cot\theta$
$(360 - \theta)$ या $(2\pi - \theta)$	$-\sin\theta$	$\cos\theta$	$-\tan\theta$

त्रिकोणमितीय अनुपातों के कोणों के मान

θ	0	$\pi/6$	$\pi/4$	$\pi/3$	$\pi/2$	π	$3\pi/2$	2π
$\sin\theta$	0	1/2	$1/\sqrt{2}$	$\sqrt{3}/2$	1	0	–1	0
$\cos\theta$	1	$\sqrt{3}/2$	$1/\sqrt{2}$	1/2	0	–1	0	1
$\tan\theta$	0	$1/\sqrt{3}$	1	$\sqrt{3}$	∞	0	∞	0

(Trigonometrical ratios for various angles)

कुछ महत्वपूर्ण कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात
(Trigonometrical ratios for some special angles)

θ	$7\frac{1}{2}^o$	15^o	$22\frac{1}{2}^o$	18^o	36^o
$\sin\theta$	$\frac{\sqrt{4-\sqrt{2}-\sqrt{6}}}{2\sqrt{2}}$	$\frac{\sqrt{3}-1}{2\sqrt{2}}$	$\frac{1}{2}\sqrt{2-\sqrt{2}}$	$\frac{\sqrt{5}-1}{4}$	$\frac{1}{4}\sqrt{10-2\sqrt{5}}$
$\cos\theta$	$\frac{\sqrt{4+\sqrt{2}+\sqrt{6}}}{2\sqrt{2}}$	$\frac{\sqrt{3}+1}{2\sqrt{2}}$	$\frac{1}{2}\sqrt{2+\sqrt{2}}$	$\frac{1}{4}\sqrt{10+2\sqrt{5}}$	$\frac{\sqrt{5}+1}{4}$
$\tan\theta$	$(\sqrt{3}-\sqrt{2})(\sqrt{2}-1)$	$2-\sqrt{3}$	$\sqrt{2}-1$	$\frac{\sqrt{25-10\sqrt{15}}}{5}$	$\sqrt{5-2\sqrt{5}}$

एक दूसरे के पदों में त्रिकोणमितीय अनुपात
(Trigonometrical ratios in terms of each other)

	$\sin\theta$	$\cos\theta$	$\tan\theta$	$\cot\theta$	$\sec\theta$	$\operatorname{cosec}\theta$
$\sin\theta$	$\sin\theta$	$\sqrt{1-\cos^2\theta}$	$\frac{\tan\theta}{\sqrt{1+\tan^2\theta}}$	$\frac{1}{\sqrt{1+\cot^2\theta}}$	$\frac{\sqrt{\sec^2\theta-1}}{\sec\theta}$	$\frac{1}{\operatorname{cosec}\theta}$
$\cos\theta$	$\sqrt{1-\sin^2\theta}$	$\cos\theta$	$\frac{1}{\sqrt{1+\tan^2\theta}}$	$\frac{\cot\theta}{\sqrt{1+\cot^2\theta}}$	$\frac{1}{\sec\theta}$	$\frac{\sqrt{\operatorname{cosec}^2\theta-1}}{\operatorname{cosec}\theta}$
$\tan\theta$	$\frac{\sin\theta}{\sqrt{1-\sin^2\theta}}$	$\frac{\sqrt{1-\cos^2\theta}}{\cos\theta}$	$\tan\theta$	$\frac{1}{\cot\theta}$	$\sqrt{\sec^2\theta-1}$	$\frac{1}{\sqrt{\operatorname{cosec}^2\theta-1}}$
$\cot\theta$	$\frac{\sqrt{1-\sin^2\theta}}{\sin\theta}$	$\frac{\cos\theta}{\sqrt{1-\cos^2\theta}}$	$\frac{1}{\tan\theta}$	$\cot\theta$	$\frac{1}{\sqrt{\sec^2\theta-1}}$	$\sqrt{\operatorname{cosec}^2\theta-1}$
$\sec\theta$	$\frac{1}{\sqrt{1-\sin^2\theta}}$	$\frac{1}{\cos\theta}$	$\sqrt{1+\tan^2\theta}$	$\frac{\sqrt{1+\cot^2\theta}}{\cot\theta}$	$\sec\theta$	$\frac{\operatorname{cosec}\theta}{\sqrt{\operatorname{cosec}^2\theta-1}}$
$\operatorname{cosec}\theta$	$\frac{1}{\sin\theta}$	$\frac{1}{\sqrt{1-\cos^2\theta}}$	$\frac{\sqrt{1+\tan^2\theta}}{\tan\theta}$	$\sqrt{1+\cot^2\theta}$	$\frac{\sec\theta}{\sqrt{\sec^2\theta-1}}$	$\operatorname{cosec}\theta$

दो कोणों के लिए त्रिकोणमितीय अनुपातों के योग तथा अन्तर के सूत्रा **(Formulae to the trigonometric ratios of sum and difference of two angles)**

(1) $\sin(A+B)=\sin A\cos B+\cos A\sin B$

(2) $\sin(A-B)=\sin A\cos B-\cos A\sin B$

(3) $\cos(A+B)=\cos A\cos B-\sin A\sin B$

(4) $\cos(A-B)=\cos A\cos B+\sin A\sin B$

(5) $\tan(A+B)=\dfrac{\tan A+\tan B}{1-\tan A\tan B}$

(6) $\tan(A-B)=\dfrac{\tan A-\tan B}{1+\tan A\tan B}$

(7) $\cot(A+B)=\dfrac{\cot A\cot B-1}{\cot A+\cot B}$

(8) $\cot(A-B)=\dfrac{\cot A\cot B+1}{\cot B-\cot A}$

(9) $\sin(A+B)\sin(A-B)=\sin^2A-\sin^2B=\cos^2B-\cos^2A$

(10) $\cos(A+B)\cos(A-B)=\cos^2A-\sin^2B=\cos^2B-\sin^2A$

(11) $\tan A\pm\tan B=\dfrac{\sin A}{\cos A}\pm\dfrac{\sin B}{\cos B}=\dfrac{\sin A\cos B\pm\cos A\sin B}{\cos A\cos B}$

$=\dfrac{\sin(A\pm B)}{\cos A.\cos B}$, $\left(A\neq n\pi+\dfrac{\pi}{2},B\neq m\pi\right)$

(12) $\cot A\pm\cot B=\dfrac{\sin(B\pm A)}{\sin A\sin B}$, $\left(A\neq n\pi,B\neq m\pi+\dfrac{\pi}{2}\right)$

तीन कोणों के लिए त्रिकोणमितीय अनुपातों के योग तथा अंतर के सूत्र **(Formulae for the trigonometric ratios of sum and differences of three angles)**

(1) $\sin(A+B+C)=\sin A\cos B\cos C+\cos A\sin B\cos C$
$+\cos A\cos B\sin C-\sin A\sin B\sin C$

या $\sin(A+B+C)=\cos A\cos B\cos C(\tan A+\tan B$
$+\tan C-\tan A.\tan B.\tan C)$

(2) $\cos(A+B+C)=\cos A\cos B\cos C-\sin A\sin B\cos C$
$-\sin A\cos B\sin C-\cos A\sin B\sin C$

या $\cos(A+B+C)=$
$\cos A\cos B\cos C(1-\tan A\tan B-\tan B\tan C-\tan C\tan A)$

(3) $\tan(A+B+C)=\dfrac{\tan A+\tan B+\tan C-\tan A\tan B\tan C}{1-\tan A\tan B-\tan B\tan C-\tan C\tan A}$

(4) $\cot(A+B+C)=\dfrac{\cot A\cot B\cot C-\cot A-\cot B-\cot C}{\cot A\cot B+\cot B\cot C+\cot C.\cot A-1}$

व्यापक रूप में,

(5) $\sin(A_1+A_2+.....+A_n)$
$=\cos A_1\cos A_2.....\cos A_n(S_1-S_3+S_5-S_7+...)$

(6) $\cos(A_1+A_2+..+A_n)=\cos A_1\cos A_2..\cos A_n(1-S_2+S_4-S_6..)$

(7) $\tan(A_1+A_2+.....+A_n)=\dfrac{S_1-S_3+S_5-S_7+....}{1-S_2+S_4-S_6+....}$

जहाँ, $S_1=\tan A_1+\tan A_2+....+\tan A_n$ =कोणों की स्पर्शज्याओं (tangents) का योग

$S_2=\tan A_1\tan A_2+\tan A_1\tan A_3+....$ = दो कोणों के एक साथ लेने पर स्पर्शज्याओं का योग

$S_3=\tan A_1\tan A_2\tan A_3+\tan A_2\tan A_3\tan A_4+...$ =
तीन कोणों को एक साथ लेने पर स्पर्शज्याओं का योग
यदि $A_1=A_2=....=A_n=A$ हो, तब

$S_1=n\tan A$, $S_2={}^nC_2\tan^2A$, $S_3={}^nC_3\tan^3A$,....

(8) $\sin nA=\cos^nA({}^nC_1\tan A-{}^nC_3\tan^3A+{}^nC_5\tan^5A-....)$

(9) $\cos nA=\cos^nA(1-{}^nC_2\tan^2A+{}^nC_4\tan^4A-...)$

(10) $\tan nA=\dfrac{{}^nC_1\tan A-{}^nC_3\tan^3A+{}^nC_5\tan^5A-....}{1-{}^nC_2\tan^2A+{}^nC_4\tan^4A-{}^nC_6\tan^6A+...}$

(11) $\sin nA+\cos nA=\cos^nA(1+{}^nC_1\tan A-{}^nC_2\tan^2A$
$-{}^nC_3\tan^3A+{}^nC_4\tan^4A+{}^nC_5\tan^5A-{}^nC_6\tan^6A-.....)$

(12) $\sin nA-\cos nA=\cos^nA(-1+{}^nC_1\tan A)$
$+{}^nC_2\tan^2A-{}^nC_3\tan^3A-{}^nC_4\tan^4A+{}^nC_5\tan^5A+{}^nC_6\tan^6A+.....)$

(13) $\sin(\alpha)+\sin(\alpha+\beta)+\sin(\alpha+2\beta)+.....+\sin(\alpha+(n-1)\beta)$

$= \dfrac{\sin\{\alpha+(n-1)(\beta/2)\}.\sin(n\beta/2)}{\sin(\beta/2)}$

(14) $\cos(\alpha)+\cos(\alpha+\beta)+\cos(\alpha+2\beta)+....+\cos(\alpha+(n-1)\beta)$

$= \dfrac{\cos\left\{\alpha+(n-1)\left(\dfrac{\beta}{2}\right)\right\}.\sin\left\{n\left(\dfrac{\beta}{2}\right)\right\}}{\sin\left(\dfrac{\beta}{2}\right)}$

गुणन का योग व अन्तर के रूप में परिवर्तन सूत्रा
(Formulae to transform the product into sum or difference)

(1) $2\sin A\cos B=\sin(A+B)+\sin(A-B)$

(2) $2\cos A\sin B=\sin(A+B)-\sin(A-B)$

(3) $2\cos A\cos B=\cos(A+B)+\cos(A-B)$

(4) $2\sin A\sin B=\cos(A-B)-\cos(A+B)$

माना $A+B=C$ और $A-B=D$, तब, $A=\dfrac{C+D}{2}$ और $B=\dfrac{C-D}{2}$

अतः योग व अन्तर का गुणन रूप में परिवर्तन सूत्र,

(1) $\sin C+\sin D=2\sin\dfrac{C+D}{2}\cos\dfrac{C-D}{2}$

(2) $\sin C-\sin D=2\cos\dfrac{C+D}{2}\sin\dfrac{C-D}{2}$

(3) $\cos C+\cos D=2\cos\dfrac{C+D}{2}\cos\dfrac{C-D}{2}$

(4) $\cos C-\cos D=2\sin\dfrac{C+D}{2}\sin\dfrac{D-C}{2}=-2\sin\dfrac{C+D}{2}\sin\dfrac{C-D}{2}$.

अपवर्त्य कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात
(Trigonometric ratio of multiple of an angle)

(1) $\sin 2A=2\sin A\cos A=\dfrac{2\tan A}{1+\tan^2 A}$

(2) $\cos 2A=2\cos^2 A-1=1-2\sin^2 A$

$=\cos^2 A-\sin^2 A=\dfrac{1-\tan^2 A}{1+\tan^2 A}$; जहाँ $A\neq(2n+1)\dfrac{\pi}{4}$.

(3) $\tan 2A=\dfrac{2\tan A}{1-\tan^2 A}$

(4) $\sin 3A=3\sin A-4\sin^3 A=4\sin(60^o-A).\sin A.\sin(60^o+A)$

(5) $\cos 3A=4\cos^3 A-3\cos A$

$=4\cos(60^o-A).\cos A.\cos(60^o+A)$

(6) $\tan 3A=\dfrac{3\tan A-\tan^3 A}{1-3\tan^2 A}=\tan(60^o-A).\tan A.\tan(60^o+A)$,

जहाँ $A\neq n\pi+\pi/6$

(7) $\sin 4\theta=4\sin\theta.\cos^3\theta-4\cos\theta\sin^3\theta$

(8) $\cos 4\theta=8\cos^4\theta-8\cos^2\theta+1$

(9) $\tan 4\theta=\dfrac{4\tan\theta-4\tan^3\theta}{1-6\tan^2\theta+\tan^4\theta}$

(10) $\sin 5A=16\sin^5 A-20\sin^3 A+5\sin A$

(11) $\cos 5A=16\cos^5 A-20\cos^3 A+5\cos A$

उप अपवर्त्य कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात
(Trigonometric ratio of sub-multiple of an angle)

(1) $\left|\sin\dfrac{A}{2}+\cos\dfrac{A}{2}\right|=\sqrt{1+\sin A}$

या $\sin\dfrac{A}{2}+\cos\dfrac{A}{2}=\pm\sqrt{1+\sin A}$

अर्थात् $\begin{cases}+, \text{यदि } 2n\pi-\dfrac{\pi}{4}\le\dfrac{A}{2}\le 2n\pi+\dfrac{3\pi}{4}\\ -, \text{अन्यथा}\end{cases}$

(2) $\left|\sin\dfrac{A}{2}-\cos\dfrac{A}{2}\right|=\sqrt{1-\sin A}$ या $(\sin\dfrac{A}{2}-\cos\dfrac{A}{2})=\pm\sqrt{1-\sin A}$

अर्थात् $\begin{cases}+, \text{यदि } 2n\pi+\pi/4\le A/2\le 2n\pi+\dfrac{5\pi}{4}\\ -, \text{अन्यथा}\end{cases}$

(3) (i) $\tan\dfrac{A}{2}=\dfrac{\pm\sqrt{\tan^2 A+1}-1}{\tan A}=\pm\sqrt{\dfrac{1-\cos A}{1+\cos A}}=\dfrac{1-\cos A}{\sin A}$,

जहाँ $A\neq(2n+1)\pi$

(ii) $\cot\dfrac{A}{2}=\pm\sqrt{\dfrac{1+\cos A}{1-\cos A}}=\dfrac{1+\cos A}{\sin A}$, जहाँ $A\neq 2n\pi$



(4) $\tan^2\dfrac{A}{2}=\dfrac{1-\cos A}{1+\cos A}$; $\dfrac{3\pi}{2}$ जहाँ $A\neq(2n+1)\pi$

(5) $\cot^2\dfrac{A}{2}=\dfrac{1+\cos A}{1-\cos A}$; जहाँ $A\neq 2n\pi$

$a\cos\theta+b\sin\theta$ का महत्तम तथा न्यूनतम मान
(Maximum and minimum value of $a\cos\theta+b\sin\theta$)

माना $a=r\cos\alpha$ .....(i) तथा $b=r\sin\alpha$ .....(ii)

(i) तथा (ii) का वर्ग करके जोडने पर, $a^2+b^2=r^2$

$\Rightarrow r=\sqrt{a^2+b^2}$

$\therefore a\sin\theta+b\cos\theta=r(\sin\theta\cos\alpha+\cos\theta\sin\alpha)$

$=r\sin(\theta+\alpha)$

किन्तु $-1\le\sin\theta\le 1$ अतः, $-1\le\sin(\theta+\alpha)\le 1$;

तब $-r\le r\sin(\theta+\alpha)\le r$

$\therefore$ अतः $-\sqrt{a^2+b^2} \le a\sin\theta + b\cos\theta \le \sqrt{a^2+b^2}$

इस प्रकार $a\sin\theta + b\cos\theta$ के महत्तम तथा न्यूनतम मान क्रमशः $\sqrt{a^2+b^2}$ तथा $-\sqrt{a^2+b^2}$ होंगे।

नोट : $\sin^2 x + \text{cosec}^2 x \ge 2$, x के प्रत्येक वास्तविक मान के लिए।

$\cos^2 x + \sec^2 x \ge 2$, x के प्रत्येक वास्तविक मान के लिए।

$\tan^2 x + \cot^2 x \ge 2$, x के प्रत्येक वास्तविक मान के लिए।

प्रतिबन्धित त्रिकोणमितीय सर्वसमिकायें
(Conditional trigonometrical identities)

हम कुछ निश्चित सर्वसमिकाओं के बारे में जानते हैं, जैसे $\sin^2\theta + \cos^2\theta = 1$ तथा $1 + \tan^2\theta = \sec^2\theta$ इत्यादि। इस प्रकार की सर्वसमिकायें कोण के सभी मानों के लिए सत्य होती है, किन्तु जो सर्वसमिकायें एक निश्चित प्रतिबन्ध के लिए सत्य होती है, प्रतिबन्धित त्रिकोणमितीय सर्वसमिकायें कहलाती हैं।

यदि A, B, C किसी ΔABC के कोण हैं, तब सम्बन्ध $A + B + C = \pi$ द्वारा अनेक महत्वपूर्ण सर्वसमिकायें प्राप्त होती हैं।

(1) यदि $A + B + C = 180^o$, तब

(i) $\sin 2A + \sin 2B + \sin 2C = 4\sin A \sin B \sin C$

(ii) $\sin 2A + \sin 2B - \sin 2C = 4\cos A \cos B \sin C$

(iii) $\sin(B + C - A) + \sin(C + A - B) + \sin(A + B - C)$
$= 4\sin A \sin B \sin C$

(iv) $\cos 2A + \cos 2B + \cos 2C = -1 - 4\cos A \cos B \cos C$

(v) $\cos 2A + \cos 2B - \cos 2C = 1 - 4\sin A \sin B \cos C$

(2) यदि $A + B + C = 180^o$, तब

(i) $\sin A + \sin B + \sin C = 4\cos\frac{A}{2}\cos\frac{B}{2}\cos\frac{C}{2}$

(ii) $\sin A + \sin B - \sin C = 4\sin\frac{A}{2}\sin\frac{B}{2}\cos\frac{C}{2}$

(iii) $\cos A + \cos B + \cos C = 1 + 4\sin\frac{A}{2}\sin\frac{B}{2}\sin\frac{C}{2}$

(iv) $\cos A + \cos B - \cos C = -1 + 4\cos\frac{A}{2}\cos\frac{B}{2}\sin\frac{C}{2}$

(v) $\frac{\cos A}{\sin B \sin C} + \frac{\cos B}{\sin C \sin A} + \frac{\cos C}{\sin A \sin B} = 2$

(3) यदि $A + B + C = \pi$, तब

(i) $\sin^2 A + \sin^2 B - \sin^2 C = 2\sin A \sin B \cos C$

(ii) $\cos^2 A + \cos^2 B + \cos^2 C = 1 - 2\cos A \cos B \cos C$

(iii) $\sin^2 A + \sin^2 B + \sin^2 C = 1 - 2\sin A \sin B \cos C$

(4) यदि $A + B + C = \pi$, तब

(i) $\sin^2\frac{A}{2} + \sin^2\frac{B}{2} + \sin^2\frac{C}{2} = 1 - 2\sin\frac{A}{2}\sin\frac{B}{2}\sin\frac{C}{2}$

(ii) $\cos^2\frac{A}{2} + \cos^2\frac{B}{2} + \cos^2\frac{C}{2} = 2 + 2\sin\frac{A}{2}\sin\frac{B}{2}\sin\frac{C}{2}$

(iii) $\sin^2\frac{A}{2} + \sin^2\frac{B}{2} - \sin^2\frac{C}{2} = 1 - 2\cos\frac{A}{2}\cos\frac{B}{2}\sin\frac{C}{2}$

(iv) $\cos^2\frac{A}{2} + \cos^2\frac{B}{2} - \cos^2\frac{C}{2} = 2\cos\frac{A}{2}\cos\frac{B}{2}\sin\frac{C}{2}$

(5) यदि $x + y + z = \frac{\pi}{2}$, तब

(i) $\sin^2 x + \sin^2 y + \sin^2 z = 1 - 2\sin x \sin y \sin z$

(ii) $\cos^2 x + \cos^2 y + \cos^2 z = 2 + 2\sin x \sin y \sin z$

(iii) $\sin 2x + \sin 2y + \sin 2z = 4\cos x \cos y \cos z$

(6) यदि $A + B + C = \pi$, तब

(i) $\tan A + \tan B + \tan C = \tan A \tan B \tan C$

(ii) $\cot B \cot C + \cot C \cot A + \cot A \cot B = 1$

(iii) $\tan\frac{B}{2}\tan\frac{C}{2} + \tan\frac{C}{2}\tan\frac{A}{2} + \tan\frac{A}{2}\tan\frac{B}{2} = 1$

(iv) $\cot\frac{A}{2} + \cot\frac{B}{2} + \cot\frac{C}{2} = \cot\frac{A}{2}\cot\frac{B}{2}\cot\frac{C}{2}$

Tips & Tricks

- घड़ी में दो क्रमिक अंकों के मध्य 30^o ($= \pi/6$ रेडियन) का कोण होता है। घंटे की सुई (hour hand) एक घंटे में 30^o घूम जाती है।
- मिनट की सुई (minute hand) एक मिनट में 6^o घूम जाती है।
- $\sin n\pi = 0$, $\cos n\pi = (-1)^n$
- $\sin(n\pi + \theta) = (-1)^n \sin\theta$, $\cos(n\pi + \theta) = (-1)^n \cos\theta$

  $\sin\left(\frac{n\pi}{2} + \theta\right) = (-1)^{\frac{n-1}{2}}\cos\theta$, यदि n विषम है।

  $= (-1)^{n/2}\sin\theta$, यदि n सम है।

  $\cos\left(\frac{n\pi}{2} + \theta\right) = (-1)^{\frac{n+1}{2}}\sin\theta$, यदि n विषम है।

  $= (-1)^{n/2}\cos\theta$, यदि n सम है।

  यदि $x = \sec\theta + \tan\theta$, तब $\frac{1}{x} = \sec\theta - \tan\theta$.

  यदि $x = \text{cosec}\,\theta + \cot\theta$, तब $\frac{1}{x} = \text{cosec}\,\theta - \cot\theta$.
- $\sin(60^o - \theta).\sin\theta\sin(60^o + \theta) = \frac{1}{4}\sin 3\theta$.
- $\cos(60 - \theta).\cos\theta.\cos(60^o + \theta) = \frac{1}{4}\cos 3\theta$.
- $\tan(60° - \theta).\tan\theta.\tan(60° + \theta) = \tan 3\theta$
- $\cos A.\cos 2A.\cos 2^2.A\cos 2^3 A..... \cos 2^{n-1}A$

  $= \frac{\sin 2^n A}{2^n \sin A}$, यदि $A \ne n\pi$

  $= 1$, यदि $A = 2n\pi$

  $= -1$, यदि $A = (2n+1)\pi$
- यदि कोई सूत्र $\sin\frac{A}{2}$ का मान $\sin A$ के पदों में देता है, तब वह $\sin\left(\frac{n\pi + (-1)^n A}{2}\right)$ का मान भी देता है।

✍ यदि कोई सूत्र $\cos\frac{A}{2}$ का मान cos A के पदों में देता है, तब वह $\cos\left(\frac{2n\pi \pm A}{2}\right)$ का मान भी देता है।

✍ यदि कोई सूत्र $\tan\frac{A}{2}$ का मान tan A के पदों में देता है, तब वह $\tan\left(\frac{n\pi \pm A}{2}\right)$ का मान भी देता है।

✍ **Σ (Sigma) और ∏ (Pie) का उपयोग**

$\sin(A+B+C) = \Sigma \sin A \cos B \cos C - \Pi \sin A$,

$\cos(A+B+C) = \Pi \cos A - \Sigma \cos A \sin B \sin C$,

(∵ ∏ गुणनफल प्रदर्शित करता हैं)

$$\tan(A+B+C) = \frac{\Sigma \tan A - \Pi \tan A}{1 - \Sigma \tan A \tan B}$$

(∵ Σ योगफल प्रदर्शित करता है)

✍ $\sin\alpha + \sin(\alpha+\beta) + \sin(\alpha+2\beta) + \ldots\ldots n$ पदों तक

$$= \frac{\sin[\alpha + (n-1)\beta/2]\sin[n\beta/2]}{\sin(\beta/2)}$$

या $$\sum_{r=1}^{n} \sin(A + \overline{r-1}B) = \frac{\sin\left(A + \frac{n-1}{2}B\right)\sin\frac{nB}{2}}{\sin\frac{B}{2}}.$$

✍ $\cos\alpha + \cos(\alpha+\beta) + \cos(\alpha+2\beta) + \ldots\ldots n$ पदों तक

$$= \frac{\cos\left[\alpha + (n-1)\frac{\beta}{2}\right]\sin\left[\frac{n\beta}{2}\right]}{\sin\left[\frac{\beta}{2}\right]}$$

या $$\sum_{r=1}^{n} \cos(A + \overline{r-1}B) = \frac{\cos\left(A + \frac{n-1}{2}B\right)\sin\frac{nB}{2}}{\sin\frac{B}{2}}.$$

✍ $$\sin\frac{A}{2} \pm \cos\frac{A}{2} = \sqrt{2}\sin\left[\frac{\pi}{4} \pm A\right] = \sqrt{2}\cos\left[A \mp \frac{\pi}{4}\right]$$

✍ $$\cos\alpha + \cos\beta + \cos\gamma + \cos(\alpha+\beta+\gamma) = 4\cos\frac{\alpha+\beta}{2}\cos\frac{\beta+\gamma}{2}\cos\frac{\gamma+\alpha}{2}$$

✍ $$\sin\alpha + \sin\beta + \sin\gamma - \sin(\alpha+\beta+\gamma) = 4\sin\frac{\alpha+\beta}{2}\sin\frac{\beta+\gamma}{2}\sin\frac{\gamma+\alpha}{2}$$

✍ $\tan\alpha + 2\tan 2\alpha + 4\tan 4\alpha + 8\cot 8\alpha = \cot\alpha$

✍ यदि $\frac{p}{q} = \frac{a}{b}$, तब योगान्तरानुपात नियम से,

$$\frac{p+q}{p-q} = \frac{a+b}{a-b} \text{ या } \frac{q+p}{q-p} = \frac{b+a}{b-a}$$

$$\text{या } \frac{p-q}{p+q} = \frac{a-b}{a+b} \text{ या } \frac{q-p}{q+p} = \frac{b-a}{b+a}.$$

त्रिकोणमितीय अनुपात व फलन, सम्बन्धित कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात

1. यदि वृत्त की त्रिज्या 13 मीटर तथा चाप की लम्बाई 1 मीटर है, तो वृत्त के केन्द्र पर बना कोण होगा **[MNR 1973]**

(a) 20° (b) 60°

(c) $\frac{1}{3}$ रेडियन (d) 3 रेडियन

2. 7 सेमी त्रिज्या के एक वृत्तीय तार को काटकर, 12 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त की परिधि पर रखा गया है, तो इस तार द्वारा वृत्त के केन्द्र पर अंतरित कोण होगा **[Kerala (Engg.) 2002]**

(a) 50° (b) 210°

(c) 100° (d) 60°

3. उस वृत्त की त्रिज्या जिसका 15 सेमी का चाप केन्द्र पर 3/4 रेडियन का कोण बनाता है, है **[Karnataka CET 2002]**

(a) 10 सेमी (b) 20 सेमी

(c) $11\frac{1}{4}$ सेमी (d) $22\frac{1}{2}$ सेमी

4. यदि x के वास्तविक मान के लिये $\cos\theta = x + \frac{1}{x}$ है, तब **[MP PET 1996]**

(a) θ एक न्यूनकोण है

(b) θ एक समकोण है

(c) θ एक अधिककोण है

(d) θ का कोई मान सम्भव नहीं है

5. निम्न में असत्य कथन है **[MNR 1993]**

(a) $\sin\theta = -\frac{1}{5}$ (b) $\cos\theta = 1$

(c) $\sec\theta = \frac{1}{2}$ (d) $\tan\theta = 20$

6. निम्न में से कौन सा सम्बन्ध सम्भव है

(a) $\sin\theta = \frac{5}{3}$ (b) $\tan\theta = 1002$

(c) $\cos\theta = \frac{1+p^2}{1-p^2}, (p \neq \pm 1)$ (d) $\sec\theta = \frac{1}{2}$

7. समीकरण $(a+b)^2 = 4ab\sin^2\theta$ तभी सम्भव है जब

(a) $2a = b$ (b) $a = b$

(c) $a = 2b$ (d) इनमें से कोई नहीं

8. समीकरण $\sec^2\theta = \frac{4xy}{(x+y)^2}$ तभी सम्भव है जब **[MP PET 1986; IIT 1996]**

(a) $x = y$ (b) $x < y$

(c) $x > y$ (d) इनमें से कोई नहीं

9. निम्न में कौन सा सही है

(a) $\tan 1 > \tan 2$ (b) $\tan 1 = \tan 2$

(c) $\tan 1 < \tan 2$ (d) $\tan 1 = 1$

10. निम्न में से कौन सा सम्बन्ध सत्य है **[WB JEE 1991]**

(a) $\sin 1 < \sin 1°$ (b) $\sin 1 > \sin 1°$

(c) $\sin 1 = \sin 1°$ (d) $\frac{\pi}{180}\sin 1 = \sin 1^o$

11. $\tan 1° \tan 2° \tan 3° \tan 4°..... \tan 89° =$ **[MP PET 1998, 2001; AMU 1999; Pb. CET 1994]**

(a) 1 (b) 0

(c) ∞ (d) 1/2

12. यदि $\sin\theta + \text{cosec}\,\theta = 2$, तो $\sin^{10}\theta + \text{cosec}^{10}\theta$ का मान होगा **[MP PET 2004]**

(a) 10 (b) 2^{10}

(c) 2^{20} (d) 2

13. यदि $\sin\theta + \text{cosec}\,\theta = 2$, तो $\sin^2\theta + \text{cosec}^2\theta =$ **[MP PET 1992; MNR 1990; UPSEAT 2002]**

(a) 1 (b) 4

(c) 2 (d) इनमें से कोई नहीं

14. यदि $\sin\theta + \cos\theta = m$ तथा $\sec\theta + \text{cosec}\,\theta = n$, तो $n(m+1)(m-1) =$ **[MP PET 1986]**

(a) m (b) n

(c) $2m$ (d) $2n$

15. यदि $\sin\theta + \cos\theta = 1$, तब $\sin\theta\cos\theta =$ **[Karnataka CET 1998]**

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) 1/2

16. यदि $\sin\theta = \frac{24}{25}$ हो और θ द्वितीय चतुर्थांश में है, तब $\sec\theta + \tan\theta =$ **[MP PET 1997]**

(a) -3 (b) -5

(c) -7 (d) -9

17. यदि $\text{cosec}\ A + \cot A = \frac{11}{2}$, तो $\tan A =$ **[Roorkee 1995]**

(a) $\frac{21}{22}$ (b) $\frac{15}{16}$

(c) $\frac{44}{117}$ (d) $\frac{117}{43}$

18. यदि $5\tan\theta = 4$, तब $\frac{5\sin\theta - 3\cos\theta}{5\sin\theta + 2\cos\theta} =$ **[Karnataka CET 1998]**

(a) 0 (b) 1

(c) 1/6 (d) 6

19. यदि $\tan\theta = \frac{20}{21}$, तो $\cos\theta =$ **[MP PET 1994]**

(a) $\pm\frac{20}{41}$ (b) $\pm\frac{1}{21}$

(c) $\pm\frac{21}{29}$ (d) $\pm\frac{20}{21}$

20. यदि $\sin x = \frac{-24}{25}$, तब $\tan x$ का मान होगा **[UPSEAT 2003]**

(a) $\frac{24}{25}$ (b) $\frac{-24}{7}$

(c) $\frac{25}{24}$ (d) इनमें से कोई नहीं

21. यदि $\tan\theta = \frac{-4}{3}$, तो $\sin\theta =$ **[IIT 1979; Pb. CET 1995; Orissa JEE 2002]**

(a) $-4/5$ पर $4/5$ नहीं (b) $-4/5$ या $4/5$

(c) $4/5$ पर $-4/5$ नहीं (d) इनमें से कोई नहीं

22. यदि $\sin\theta = -\frac{1}{\sqrt{2}}$ तथा $\tan\theta = 1$, तो θ कौन से चतुर्थांश में है

(a) प्रथम (b) द्वितीय

(c) तृतीय (d) चतुर्थ

23. यदि $\sin\theta = \frac{-4}{5}$ तथा θ तीसरे चतुर्थांश में हो, तो $\cos\frac{\theta}{2} =$

(a) $\frac{1}{\sqrt{5}}$ (b) $-\frac{1}{\sqrt{5}}$

(c) $\sqrt{\frac{2}{5}}$ (d) $-\sqrt{\frac{2}{5}}$

24. यदि $\sin(\alpha - \beta) = \frac{1}{2}$ तथा $\cos(\alpha + \beta) = \frac{1}{2}$, जहाँ α, β धनात्मक न्यूनकोण हैं, तो

(a) $\alpha = 45°, \beta = 15°$ (b) $\alpha = 15°, \beta = 45°$

(c) $\alpha = 60°, \beta = 15°$ (d) इनमें से कोई नहीं

25. यदि $\tan\theta = -\frac{1}{\sqrt{10}}$ तथा θ चतुर्थ चतुर्थांश में हो, तो $\cos\theta =$

(a) $1/\sqrt{11}$ (b) $-1/\sqrt{11}$

(c) $\sqrt{\frac{10}{11}}$ (d) $-\sqrt{\frac{10}{11}}$

26. $(m+2)\sin\theta + (2m-1)\cos\theta = 2m+1$ है यदि

(a) $\tan\theta = \frac{3}{4}$ (b) $\tan\theta = \frac{4}{3}$

(c) $\tan\theta = \frac{2m}{m^2+1}$ (d) इनमें से कोई नहीं

27. यदि A द्वितीय चतुर्थांश में हो और $3\tan A + 4 = 0$, तो $2\cot A - 5\cos A + \sin A$ का मान है **[Pb. CET 2000]**

(a) $\frac{-53}{10}$ (b) $\frac{-7}{10}$

(c) $\frac{7}{10}$ (d) $\frac{23}{10}$

28. यदि $\sin x + \sin y = 3(\cos y - \cos x)$, तब $\frac{\sin 3x}{\sin 3y}$ का मान है

(a) 1 (b) -1

(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

29. यदि $\sin A, \cos A$ तथा $\tan A$ गुणोत्तर श्रेणी में हों, तब $\cos^3 A + \cos^2 A$ का मान है

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) इनमें से कोई नहीं

30. यदि θ द्वितीय चतुर्थांश में हो, तो $\sqrt{\left(\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}\right)} + \sqrt{\left(\frac{1+\sin\theta}{1-\sin\theta}\right)} =$

(a) $2\sec\theta$ (b) $-2\sec\theta$

(c) $2\text{cosec}\,\theta$ (d) इनमें से कोई नहीं

31. $\frac{\sin\theta}{1-\cot\theta} + \frac{\cos\theta}{1-\tan\theta} =$ **[Karnataka CET 1998]**

(a) 0 (b) 1

(c) $\cos\theta - \sin\theta$ (d) $\cos\theta + \sin\theta$

32. यदि $\tan\theta + \sec\theta = e^x$, तो $\cos\theta$ का मान होगा **[AMU 2002]**

(a) $\frac{(e^x + e^{-x})}{2}$ (b) $\frac{2}{(e^x + e^{-x})}$

(c) $\frac{(e^x - e^{-x})}{2}$ (d) $\frac{(e^x - e^{-x})}{(e^x + e^{-x})}$

33. यदि $\cos\theta - \sin\theta = \sqrt{2}\sin\theta$, तो $\cos\theta + \sin\theta$ बराबर होगा **[WB JEE 1988]**

(a) $\sqrt{2}\cos\theta$ (b) $\sqrt{2}\sin\theta$

(c) $2\cos\theta$ (d) $-\sqrt{2}\cos\theta$

34. यदि $\sec\theta + \tan\theta = p$, तब $\tan\theta$ बराबर है **[MP PET 1994]**

(a) $\frac{2p}{p^2 - 1}$ (b) $\frac{p^2 - 1}{2p}$

(c) $\frac{p^2 + 1}{2p}$ (d) $\frac{2p}{p^2 + 1}$

35. यदि $x = \sec\theta + \tan\theta$, तो $x + \frac{1}{x} =$ **[MP PET 1986]**

(a) 1 (b) $2\sec\theta$

(c) 2 (d) $2\tan\theta$

36. यदि $x + \frac{1}{x} = 2\cos\alpha$, तो $x^n + \frac{1}{x^n} =$ **[Karnataka CET 2004]**

(a) $2^n\cos\alpha$ (b) $2^n\cos n\alpha$

(c) $2i\sin n\alpha$ (d) $2\cos n\alpha$

37. यदि $\cos\theta = \frac{1}{2}\left(x + \frac{1}{x}\right)$, तो $\frac{1}{2}\left(x^2 + \frac{1}{x^2}\right) =$ **[AMU 1998]**

(a) $\sin 2\theta$ (b) $\cos 2\theta$

(c) $\tan 2\theta$ (d) $\sec 2\theta$

38. $e^{\log_{10}\tan 1° + \log_{10}\tan 2° + \log_{10}\tan 3° + \ldots\ldots\ldots + \log_{10}\tan 89°}$ का मान है

(a) 0 (b) e

(c) $1/e$ (d) इनमें से कोई नहीं

39. $\cot x - \tan x =$ **[MP PET 1986]**

(a) $\cot 2x$ (b) $2\cot^2 x$

(c) $2\cot 2x$ (d) $\cot^2 2x$

40. $\frac{1 + \sin A - \cos A}{1 + \sin A + \cos A} =$

(a) $\sin\frac{A}{2}$ (b) $\cos\frac{A}{2}$

(c) $\tan\frac{A}{2}$ (d) $\cot\frac{A}{2}$

41. $\frac{2\sin\theta\tan\theta(1 - \tan\theta) + 2\sin\theta\sec^2\theta}{(1 + \tan\theta)^2} =$ **[Roorkee 1975]**

(a) $\frac{\sin\theta}{1 + \tan\theta}$ (b) $\frac{2\sin\theta}{1 + \tan\theta}$

(c) $\frac{2\sin\theta}{(1 + \tan\theta)^2}$ (d) इनमें से कोई नहीं

42. व्यंजक $1 - \frac{\sin^2 y}{1 + \cos y} + \frac{1 + \cos y}{\sin y} - \frac{\sin y}{1 - \cos y}$ का मान है

(a) 0 (b) 1

(c) $\sin y$ (d) $\cos y$

43. यदि $2y\cos\theta = x\sin\theta$ व $2x\sec\theta - y\,\text{cosec}\,\theta = 3$, तो $x^2 + 4y^2 =$ **[WB JEE 1988]**

(a) 4 (b) -4

(c) ± 4 (d) इनमें से कोई नहीं

44. यदि $\tan A + \cot A = 4$, तब $\tan^4 A + \cot^4 A$ का मान होगा **[Kerala (Engg.) 2002]**

(a) 110 (b) 191

(c) 80 (d) 194

45. यदि $x = \sec\phi - \tan\phi, y = \text{cosec}\,\phi + \cot\phi$ हो, तब

(a) $x = \frac{y + 1}{y - 1}$ (b) $x = \frac{y - 1}{y + 1}$

(c) $y = \frac{1 - x}{1 + x}$ (d) इनमें से कोई नहीं

46. यदि $\tan\theta = \frac{x\sin\phi}{1 - x\cos\phi}$ तथा $\tan\phi = \frac{y\sin\theta}{1 - y\cos\theta}$, तो $\frac{x}{y} =$ **[MP PET 1991]**

(a) $\frac{\sin\phi}{\sin\theta}$ (b) $\frac{\sin\theta}{\sin\phi}$

(c) $\frac{\sin\phi}{1 - \cos\theta}$ (d) $\frac{\sin\theta}{1 - \cos\phi}$

47. यदि $p = \frac{2\sin\theta}{1 + \cos\theta + \sin\theta}$ तथा $q = \frac{\cos\theta}{1 + \sin\theta}$, तो **[MP PET 2001]**

(a) $pq = 1$ (b) $\frac{q}{p} = 1$

(c) $q - p = 1$ (d) $q + p = 1$

48. यदि $\tan\theta + \sin\theta = m$ तथा $\tan\theta - \sin\theta = n$, तब **[IIT 1970]**

(a) $m^2 - n^2 = 4mn$ (b) $m^2 + n^2 = 4mn$

(c) $m^2 - n^2 = m^2 + n^2$ (d) $m^2 - n^2 = 4\sqrt{mn}$

49. यदि $\tan\theta = \frac{a}{b}$, तो $\frac{\sin\theta}{\cos^8\theta} + \frac{\cos\theta}{\sin^8\theta} =$ **[WB JEE 1986]**

(a) $\pm\frac{(a^2 + b^2)^4}{\sqrt{a^2 + b^2}}\left(\frac{a}{b^8} + \frac{b}{a^8}\right)$ (b) $\pm\frac{(a^2 + b^2)^4}{\sqrt{a^2 + b^2}}\left(\frac{a}{b^8} - \frac{b}{a^8}\right)$

(c) $\pm\frac{(a^2 - b^2)^4}{\sqrt{a^2 + b^2}}\left(\frac{a}{b^8} + \frac{b}{a^8}\right)$ (d) $\pm\frac{(a^2 - b^2)^4}{\sqrt{a^2 - b^2}}\left(\frac{a}{b^8} - \frac{b}{a^8}\right)$

50. यदि $a\cos\theta + b\sin\theta = m$ तथा $a\sin\theta - b\cos\theta = n$, तब $a^2 + b^2 =$

(a) $m + n$ (b) $m^2 - n^2$

(c) $m^2 + n^2$ (d) इनमें से कोई नहीं

51. यदि $x = a\cos^3\theta$ व $y = b\sin^3\theta$ तब

(a) $\left(\frac{a}{x}\right)^{2/3} + \left(\frac{b}{y}\right)^{2/3} = 1$ (b) $\left(\frac{b}{x}\right)^{2/3} + \left(\frac{a}{y}\right)^{2/3} = 1$

(c) $\left(\frac{x}{a}\right)^{2/3} + \left(\frac{y}{b}\right)^{2/3} = 1$ (d) $\left(\frac{x}{b}\right)^{2/3} + \left(\frac{y}{a}\right)^{2/3} = 1$

52. यदि $\cot\theta + \tan\theta = m$ तथा $\sec\theta - \cos\theta = n$, तब निम्नलिखित में से कौन सा सही है

(a) $m(mn^2)^{1/3} - n(nm^2)^{1/3} = 1$

(b) $m(m^2n)^{1/3} - n(mn^2)^{1/3} = 1$

(c) $n(mn^2)^{1/3} - m(nm^2)^{1/3} = 1$

(d) $n(m^2n)^{1/3} - m(mn^2)^{1/3} = 1$

53. $\sin^6\theta + \cos^6\theta + 3\sin^2\theta\cos^2\theta =$ **[MP PET 1995, 2002; DCE 2005]**

(a) 0 (b) –1

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

54. $2(\sin^6\theta + \cos^6\theta) - 3(\sin^4\theta + \cos^4\theta) + 1$ का मान है **[MP PET 1997; UPSEAT 2002]**

(a) 2 (b) 0

(c) 4 (d) 6

55. यदि $\sin x + \sin^2 x = 1$, तो $\cos^{12} x + 3\cos^{10} x + 3\cos^8 x + \cos^6 x - 2$ बराबर है **[Pb. CET 2002]**

(a) 0 (b) 1

(c) – 1 (d) 2

56. यदि $\cos x + \cos^2 x = 1$, तब $\sin^2 x + \sin^4 x$ का मान है

(a) 1 (b) – 1

(c) 0 (d) 2

57. यदि $\sin x + \sin^2 x = 1$, तब $\cos^8 x + 2\cos^6 x + \cos^4 x =$

(a) 0 (b) – 1

(c) 2 (d) 1

58. यदि $x\sin^3\alpha + y\cos^3\alpha = \sin\alpha\cos\alpha$ व $x\sin\alpha - y\cos\alpha = 0$, तो $x^2 + y^2 =$ **[WB JEE 1984]**

(a) – 1 (b) ±1

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

59. यदि $(1+\sin A)(1+\sin B)(1+\sin C) = (1-\sin A)(1-\sin B)(1-\sin C)$, तब प्रत्येक पक्ष बराबर है

(a) $\pm\sin A\sin B\sin C$ (b) $\pm\cos A\cos B\cos C$

(c) $\pm\sin A\cos B\cos C$ (d) $\pm\cos A\sin B\sin C$

60. यदि $(\sec\alpha + \tan\alpha)(\sec\beta + \tan\beta)(\sec\gamma + \tan\gamma) = \tan\alpha\tan\beta\tan\gamma$, तब $(\sec\alpha - \tan\alpha)(\sec\beta - \tan\beta)(\sec\gamma - \tan\gamma) =$ **[Kurukshetra CEE 1998]**

(a) $\cot\alpha\cot\beta\cot\gamma$ (b) $\tan\alpha\tan\beta\tan\gamma$

(c) $\cot\alpha + \cot\beta + \cot\gamma$ (d) $\tan\alpha + \tan\beta + \tan\gamma$

61. यदि $\sin\theta_1 + \sin\theta_2 + \sin\theta_3 = 3$, तब $\cos\theta_1 + \cos\theta_2 + \cos\theta_3 =$ **[EAMCET 1994]**

(a) 3 (b) 2

(c) 1 (d) 0

62. यदि $\sin^2\theta = \frac{x^2 + y^2 + 1}{2x}$, तो x का मान है **[UPSEAT 2004]**

(a) – 3 (b) – 2

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

63. यदि $\tan\theta - \cot\theta = a$ व $\sin\theta + \cos\theta = b$, तो $(b^2-1)^2(a^2+4)$ बराबर होगा **[WB JEE 1979]**

(a) 2 (b) – 4

(c) ± 4 (d) 4

64. यदि $\tan^2\alpha\tan^2\beta + \tan^2\beta\tan^2\gamma + \tan^2\gamma\tan^2\alpha + 2\tan^2\alpha\tan^2\beta\tan^2\gamma = 1$, तब $\sin^2\alpha + \sin^2\beta + \sin^2\gamma$ का मान है

(a) 0 (b) – 1

(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

65. $\cos 1°.\cos 2°.\cos 3°..... \cos 179° =$ **[Karnataka CET 1999; DCE 2005]**

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) $\frac{1}{2}$

66. $\frac{\cot 54°}{\tan 36°} + \frac{\tan 20°}{\cot 70°}$ का मान होगा **[Karnataka CET 1999]**

(a) 2 (b) 3

(c) 1 (d) 0

67. $\sin 10° + \sin 20° + \sin 30° + ... + \sin 360°$ का मान है **[Pb. CET 2003]**

(a) 1 (b) 0

(c) – 1 (d) इनमें से कोई नहीं

68. $\cos 1° + \cos 2° + \cos 3° + ... + \cos 180° =$ **[Karnataka CET 2003]**

(a) 0 (b) 1

(c) – 1 (d) 2

69. यदि $\alpha = 22°30'$, तब $(1+\cos\alpha)(1+\cos 3\alpha)(1+\cos 5\alpha)(1+\cos 7\alpha) =$ **[AMU 1999]**

(a) 1/8 (b) 1/4

(c) $\frac{1+\sqrt{2}}{2\sqrt{2}}$ (d) $\frac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1}$

70. $6(\sin^6\theta + \cos^6\theta) - 9(\sin^4\theta + \cos^4\theta) + 4$ का मान होगा **[MP PET 2001]**

(a) –3 (b) 0

(c) 1 (d) 3

71. $\sin 15° + \cos 105° =$ **[MP PET 1992]**

(a) 0 (b) $2\sin 15°$

(c) $\cos 15° + \sin 15°$ (d) $\sin 15° - \cos 15°$

72. $\cos 105° + \sin 105°$ का मान है **[MNR 1975, 76]**

(a) $\frac{1}{2}$ (b) 1

(c) $\sqrt{2}$ (d) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

73. $\cos y\cos\left(\frac{\pi}{2} - x\right) - \cos\left(\frac{\pi}{2} - y\right)\cos x + \sin y\cos\left(\frac{\pi}{2} - x\right) + \cos x\sin\left(\frac{\pi}{2} - y\right)$ का मान शून्य होगा यदि

(a) $x = 0$ (b) $y = 0$

(c) $x = y$ (d) $x = n\pi - \frac{\pi}{4} + y,\ (n \in I)$

74. $\sin\left(\frac{\pi}{10}\right)\sin\left(\frac{3\pi}{10}\right) =$ **[MNR 1984]**

(a) 1/2 (b) – 1/2

(c) 1/4 (d) 1

75. यदि $x\sin 45°\cos^2 60° = \frac{\tan^2 60°\operatorname{cosec} 30°}{\sec 45°\cot^2 30°}$, तब $x =$ **[Kerala (Engg.) 2002]**

(a) 2 (b) 4

(c) 8 (d) 16

76. यदि $A = 130°$ तथा $x = \sin A + \cos A$, तब **[CET 1989]**

(a) $x > 0$ (b) $x < 0$

(c) $x = 0$ (d) $x \le 0$

77. $\cos A + \sin(270° + A) - \sin(270° - A) + \cos(180° + A) =$ **[MP PET 1990]**

(a) -1 (b) 0
(c) 1 (d) इनमें से कोई नहीं

78. यदि $\pi < \alpha < \frac{3\pi}{2}$, तो $\sqrt{\frac{1-\cos\alpha}{1+\cos\alpha}} + \sqrt{\frac{1+\cos\alpha}{1-\cos\alpha}} =$

(a) $\frac{2}{\sin\alpha}$ (b) $-\frac{2}{\sin\alpha}$
(c) $\frac{1}{\sin\alpha}$ (d) $-\frac{1}{\sin\alpha}$

79. $\tan\left(\frac{\pi}{4}+\theta\right) - \tan\left(\frac{\pi}{4}-\theta\right) =$

(a) $2\tan 2\theta$ (b) $2\cot 2\theta$
(c) $\tan 2\theta$ (d) $\cot 2\theta$

80. $\sin(\pi+\theta)\sin(\pi-\theta)\ \text{cosec}^2\theta =$ **[EAMCET 1980]**

(a) 1 (b) -1
(c) $\sin\theta$ (d) $-\sin\theta$

81. $\cot(45° + \theta)\cot(45° - \theta) =$ **[MNR 1973]**

(a) -1 (b) 0
(c) 1 (d) ∞

82. $\tan A + \cot(180° + A) + \cot(90° + A) + \cot(360° - A) =$ **[MP PET 1992]**

(a) 0 (b) $2\tan A$
(c) $2\cot A$ (d) $2(\tan A - \cot A)$

83. $\tan\theta \sin\left(\frac{\pi}{2}+\theta\right)\cos\left(\frac{\pi}{2}-\theta\right) =$ **[EAMCET 1981]**

(a) 1 (b) 0
(c) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (d) इनमें से कोई नहीं

84. यदि कोण θ को दो भागों में इस प्रकार विभाजित किया जाए कि एक भाग की स्पर्शज्या (tangent) दूसरे की स्पर्शज्या की k गुनी है तथा ϕ उनका अंतर है, तब $\sin\theta =$

(a) $\frac{k+1}{k-1}\sin\phi$ (b) $\frac{k-1}{k+1}\sin\phi$
(c) $\frac{2k-1}{2k+1}\sin\phi$ (d) इनमें से कोई नहीं

85. यदि $x = y\cos\frac{2\pi}{3} = z\cos\frac{4\pi}{3}$, तब $xy + yz + zx =$ **[EAMCET 1994]**

(a) -1 (b) 0
(c) 1 (d) 2

86. दिया है $\pi < \alpha < \frac{3\pi}{2}$, तो व्यंजक

$\sqrt{(4\sin^4\alpha + \sin^2 2\alpha)} + 4\cos^2\left(\frac{\pi}{4} - \frac{\alpha}{2}\right)$ बराबर होगा

(a) 2 (b) $2 + 4\sin\alpha$
(c) $2 - 4\sin\alpha$ (d) इनमें से कोई नहीं

87. $\sin^2\frac{\pi}{8} + \sin^2\frac{3\pi}{8} + \sin^2\frac{5\pi}{8} + \sin^2\frac{7\pi}{8} =$

(a) 1 (b) -1
(c) 0 (d) 2

88. $(\sec A + \tan A - 1)(\sec A - \tan A + 1) - 2\tan A =$ **[Roorkee 1972]**

(a) $\sec A$ (b) $2\sec A$
(c) 0 (d) 1

89. $\tan(-945°)$ का मान है **[MP PET 1997]**

(a) -1 (b) -2
(c) -3 (d) -4

90. यदि $\tan A = \frac{1}{2}, \tan B = \frac{1}{3}$, तब $\cos 2A =$ **[CET 1989]**

(a) $\sin B$ (b) $\sin 2B$
(c) $\sin 3B$ (d) इनमें से कोई नहीं

91. $\cos A - \sin A$ का मान जब $A = \frac{5\pi}{4}$, है **[MP PET 1990]**

(a) $\sqrt{2}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{2}}$
(c) 0 (d) 1

92. $\cos(270° + \theta)\cos(90° - \theta) - \sin(270° - \theta)\cos\theta$ का मान होगा **[Karnataka CET 2005]**

(a) 0 (b) –1
(c) 1/2 (d) 1

93. यदि $\cos(\alpha - \beta) = 1$ तथा $\cos(\alpha + \beta) = \frac{1}{e}$, $-\pi < \alpha, \beta < \pi$, तो युग्म (α, β) के कुल मान हैं **[IIT Screening 2005]**

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 4

दो एवं तीन कोणों के योग व अन्तर के त्रिकोणमितीय अनुपात

1. यदि $\sin A = \frac{1}{\sqrt{10}}$ तथा $\sin B = \frac{1}{\sqrt{5}}$, जहाँ A तथा B धनात्मक न्यून कोण हैं, तो $A + B =$ **[MP PET 1986]**

(a) π (b) $\pi/2$
(c) $\pi/3$ (d) $\pi/4$

2. यदि $\tan A = 2\tan B + \cot B$, तो $2\tan(A - B) =$

(a) $\tan B$ (b) $2\tan B$
(c) $\cot B$ (d) $2\cot B$

3. यदि $\sin A + \sin B = C$ तथा $\cos A + \cos B = D$, तो $\sin(A + B) =$ **[MP PET 1986]**

(a) CD (b) $\frac{CD}{C^2 + D^2}$
(c) $\frac{C^2 + D^2}{2CD}$ (d) $\frac{2CD}{C^2 + D^2}$

4. यदि $\sin A = \sin B$ तथा $\cos A = \cos B$, तब **[EAMCET 1994]**

(a) $\sin\frac{A-B}{2} = 0$ (b) $\sin\frac{A+B}{2} = 0$
(c) $\cos\frac{A-B}{2} = 0$ (d) $\cos(A + B) = 0$

5. $\sin 50° - \sin 70° + \sin 10° =$ **[MNR 1979]**

(a) 1 (b) 0
(c) 1/2 (d) 2

6. $\cos^2 48° - \sin^2 12° =$ **[MNR 1977]**

(a) $\frac{\sqrt{5}-1}{4}$ (b) $\frac{\sqrt{5}+1}{8}$
(c) $\frac{\sqrt{3}-1}{4}$ (d) $\frac{\sqrt{3}+1}{2\sqrt{2}}$

7. यदि $y=(1+\tan A)(1-\tan B)$ जहाँ $A-B=\frac{\pi}{4}$, तो $(y+1)^{y+1}$ का मान है **[J & K 2005]**

(a) 9 (b) 4
(c) 27 (d) 81

8. $\sin 75°=$ **[MNR 1979]**

(a) $\frac{2-\sqrt{3}}{2}$ (b) $\frac{\sqrt{3}+1}{2\sqrt{2}}$
(c) $\frac{\sqrt{3}-1}{-2\sqrt{2}}$ (d) $\frac{\sqrt{3}-1}{2\sqrt{2}}$

9. यदि $\tan\alpha=\frac{m}{m+1}$ तथा $\tan\beta=\frac{1}{2m+1}$, तो $\alpha+\beta=$ **[IIT 1978; EAMCET 1992; Roorkee 1998; JMI EEE 2001]**

(a) $\frac{\pi}{3}$ (b) $\frac{\pi}{4}$
(c) $\frac{\pi}{6}$ (d) इनमें से कोई नहीं

10. $\tan 20°+\tan 40°+\sqrt{3}\tan 20°\tan 40°=$

(a) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (b) $\sqrt{3}$
(c) $-\frac{1}{\sqrt{3}}$ (d) $-\sqrt{3}$

11. $\frac{1}{4}\left[\sqrt{3}\cos 23°-\sin 23°\right]=$

(a) $\cos 43°$ (b) $\cos 7°$
(c) $\cos 53°$ (d) इनमें से कोई नहीं

12. $\tan 75°-\cot 75°=$ **[MNR 1982; Pb. CET 1990, 2000]**

(a) $2\sqrt{3}$ (b) $2+\sqrt{3}$
(c) $2-\sqrt{3}$ (d) इनमें से कोई नहीं

13. यदि $\tan A=-\frac{1}{2}$ तथा $\tan B=-\frac{1}{3}$, तो $A+B=$ **[IIT 1967; MNR 1987; MP PET 1989]**

(a) $\frac{\pi}{4}$ (b) $\frac{3\pi}{4}$
(c) $\frac{5\pi}{4}$ (d) इनमें से कोई नहीं

14. यदि $A+B=225°$, तो $\frac{\cot A}{1+\cot A}.\frac{\cot B}{1+\cot B}=$ **[MNR 1974]**

(a) 1 (b) – 1
(c) 0 (d) 1/2

15. यदि $\sin A=\frac{4}{5}$ तथा $\cos B=-\frac{12}{13}$, जहाँ A तथा B क्रमशः प्रथम तथा तृतीय चतुर्थांश में हैं, तो $\cos(A+B)=$

(a) $\frac{56}{65}$ (b) $-\frac{56}{65}$
(c) $\frac{16}{65}$ (d) – $\frac{16}{65}$

16. यदि $A+B=\frac{\pi}{4}$, तो $(1+\tan A)(1+\tan B)=$

(a) 1 (b) 2
(c) ∞ (d) – 2

17. $\frac{1}{\sin 10°}-\frac{\sqrt{3}}{\cos 10°}=$ **[IIT 1974]**

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) 4

18. यदि $\cos(A+B)=\alpha\cos A\cos B+\beta\sin A\sin B$, तो $(\alpha,\beta)=$ **[MP PET 1992]**

(a) (– 1, – 1) (b) (– 1, 1)
(c) (1, – 1) (d) (1, 1)

19. $\frac{\sin^2 A-\sin^2 B}{\sin A\cos A-\sin B\cos B}=$ **[MP PET 1993]**

(a) $\tan(A-B)$ (b) $\tan(A+B)$
(c) $\cot(A-B)$ (d) $\cot(A+B)$

20. यदि $\cos(\alpha+\beta)=\frac{4}{5}$ तथा $\sin(\alpha-\beta)=\frac{5}{13}$ और α तथा β,0 तथा $\frac{\pi}{4}$ के बीच में हों, तो $\tan 2\alpha=$ **[IIT 1979; EAMCET 2002]**

(a) $\frac{16}{63}$ (b) $\frac{56}{33}$
(c) $\frac{28}{33}$ (d) इनमें से कोई नहीं

21. यदि $\cos\theta=\frac{8}{17}$ तथा θ प्रथम चतुर्थांश में हो, तब $\cos(30°+\theta)+\cos(45°-\theta)+\cos(120°-\theta)$ का मान है

(a) $\frac{23}{17}\left(\frac{\sqrt{3}-1}{2}+\frac{1}{\sqrt{2}}\right)$ (b) $\frac{23}{17}\left(\frac{\sqrt{3}+1}{2}+\frac{1}{\sqrt{2}}\right)$
(c) $\frac{23}{17}\left(\frac{\sqrt{3}-1}{2}-\frac{1}{\sqrt{2}}\right)$ (d) $\frac{23}{17}\left(\frac{\sqrt{3}+1}{2}-\frac{1}{\sqrt{2}}\right)$

22. यदि $\tan x+\tan\left(\frac{\pi}{3}+x\right)+\tan\left(\frac{2\pi}{3}+x\right)=3$ हो, तब

(a) $\tan x=1$ (b) $\tan 2x=1$
(c) $\tan 3x=1$ (d) इनमें से कोई नहीं

23. $\sin 47^o+\sin 61°-\sin 11°-\sin 25°=$ **[MP PET 2001; EAMCET 2003]**

(a) $\sin 36°$ (b) $\cos 36°$
(c) $\sin 7°$ (d) $\cos 7°$

24. यदि $\sin(\theta+\alpha)=a$ तथा $\sin(\theta+\beta)=b$ हो, तब $\cos 2(\alpha-\beta)-4ab\cos(\alpha-\beta)$ का मान है

(a) $1-a^2-b^2$ (b) $1-2a^2-2b^2$
(c) $2+a^2+b^2$ (d) $2-a^2-b^2$

25. व्यंजक $\cos^2(A-B)+\cos^2 B-2\cos(A-B)\cos A\cos B$ है

(a) B पर आश्रित (b) A तथा B पर आश्रित
(c) A पर आश्रित (d) A तथा B से स्वतंत्र

26. $\cos 15°-\sin 15°$ का मान है **[MNR 1975; MP PET 1994, 2002]**

(a) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (b) $\frac{1}{2}$
(c) $-\frac{1}{\sqrt{2}}$ (d) शून्य

27. यदि $\tan\alpha, \tan\beta$ समीकरण $x^2 + px + q = 0$ $(p \neq 0)$ के मूल हों, तब

(a) $\sin^2(\alpha+\beta) + p\sin(\alpha+\beta)\cos(\alpha+\beta) + q\cos^2(\alpha+\beta) = q$

(b) $\tan(\alpha+\beta) = \frac{p}{q-1}$

(c) $\cos(\alpha+\beta) = 1-q$

(d) $\sin(\alpha+\beta) = -p$

28. $\tan 5x \tan 3x \tan 2x =$ **[EAMCET 1991]**

(a) $\tan 5x - \tan 3x - \tan 2x$ (b) $\frac{\sin 5x - \sin 3x - \sin 2x}{\cos 5x - \cos 3x - \cos 2x}$

(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

29. यदि असमिका $4x^2 - 16x + 15 < 0$ का पूर्णांक हल $\tan\alpha$ है तथा $\cos\beta$ प्रथम चतुर्थांश के समद्विभाजक की प्रवणता है, तब $\sin(\alpha+\beta)\sin(\alpha-\beta)$ बराबर है **[Kerala (Engg.) 1993]**

(a) $\frac{3}{5}$ (b) $-\frac{3}{5}$

(c) $\frac{2}{\sqrt{5}}$ (d) $\frac{4}{5}$

30. $\tan\frac{2\pi}{5} - \tan\frac{\pi}{15} - \sqrt{3}\tan\frac{2\pi}{5}\tan\frac{\pi}{15}$ बराबर है

(a) $-\sqrt{3}$ (b) $\frac{1}{\sqrt{3}}$

(c) 1 (d) $\sqrt{3}$

31. $\cos 12° + \cos 84° + \cos 156° + \cos 132°$ का मान है **[Kerala (Engg.) 1993]**

(a) $\frac{1}{2}$ (b) 1

(c) $-\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{8}$

32. $\cos 52° + \cos 68° + \cos 172°$ का मान है **[MP PET 1997; Pb. CET 1995, 99]**

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) $\frac{3}{2}$

33. $\frac{\cos 17° + \sin 17°}{\cos 17° - \sin 17°} =$ **[MP PET 1998]**

